प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**1910 शुक्रवार** **दिनांक 05.09.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ के दो शिक्षकों सहित देशभर के पैंतालीस शिक्षकों को सम्मानित किया।

2– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जीएसटी का दूसरा चरण राष्ट्र के लिए सहयोग और विकास की दोहरी खुराक है।

3– नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर सीमा पर आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया।

4– ईद–मिलाद–उन–नबी आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**शिक्षक दिवस–सम्मान**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि विकास में महिलाओं को अग्रणी भूमिका देने का सबसे प्रभावी उपाय यह है कि बेटियों को सर्वोत्तम शिक्षा दी जाए। आज राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति ने देशभर के पैंतालीस शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। इनमें दुर्ग जिले की डॉक्टर प्रज्ञा सिंह और कोरबा जिले के शिक्षक संतोष कुमार चौरसिया भी शामिल हैं।

वहीं, राजधानी रायपुर के राजभवन में आज शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्ष दो हजार चौबीस के लिए चौंसठ उत्कृष्ट शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया। इस मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने वर्ष दो हजार पच्चीस के राज्य शिक्षक सम्मान के लिए चुने गए चौंसठ शिक्षकों के नामों की भी घोषणा की।

समारोह में चार उत्कृष्ट शिक्षकों सूरजपुर जिले के अजय कुमार चतुर्वेदी को डॉक्टर पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्मृति पुरस्कार, कबीरधाम जिले के रमेश कुमार चंद्रवंशी को गजानन माधव मुक्तिबोध स्मृति पुरस्कार, सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले की सुनीता यादव को डॉक्टर मुकुटधर पाण्डेय स्मृति पुरस्कार और रायगढ़ जिले के भोजराम पटेल को डॉक्टर बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**प्रधानमंत्री–जीएसटी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार ने जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार किए हैं। दिल्ली में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षकों के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि जीएसटी का दूसरा चरण राष्ट्र के लिए सहयोग और विकास की दोहरी खुराक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब जीएसटी और भी सरल हो गया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों से मध्यम वर्ग, नव मध्यम वर्ग, गरीब, युवा और महिलाओं सबको लाभ होगा।

**अब जीएसटी और भी ज्यादा सिंपल हो गया है, सरल हो गया है। जीएसटी के मुख्यतः दो ही रेट रह गए 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत और 22 सितंबर सोमवार जब नवरात्र का पहला दिन है और यह सारी चीजों का मातृशक्ति को साथ संबंध तो बहुत ही रहता है और इसलिए नवरात्रि के इस प्रथम दिवस पर जीएसटी का जो एक रिफॉर्म वर्जन है। नई जेनरेशन रिफॉर्म किया हुआ वो लागू हो जाएगा।**

<u>जीएसटी परिषद निर्णय–स्वागत</u>

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केन्द्र सरकार द्वारा किए गए जीएसटी सुधारों का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में जो बदलाव किए गए हैं, वह आम आदमी के जीवन के साथ ही उद्योग और व्यापार को नई गति देगा। स्लैब दरों में की गई कमी से व्यापार आसान होगा। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया।

जीएसटी में किए गए सुधारों का छत्तीसगढ़ की जनता ने भी स्वागत किया है। स्वावलंबी अभियान के प्रदेश प्रांत प्रभारी संजय चौबे ने कहा कि इन सुधारों से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को काफी फायदा मिलेगा।

<u>बातों–बातों में</u>

________श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी में किए गए सुधारों पर जाने–माने अर्थशास्त्री प्रोफेसर डॉक्टर आर.के. ब्रम्हे से** ली गई विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल छह सितंबर को एफ.एम. चैनल पर सुबह नौ बजे से और प्राईमरी चैनल पर सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

<u>माओवादी–मुठभेड़</u>

नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर सीमा पर आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया है, जिसका शव बरामद कर लिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक रॉबिनसन गुरिया ने बताया कि इलाके में माओवादियों की होने की सूचना मिलने पर नारायणपुर और दंतेवाड़ा से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और स्पेशल टॉस्क फोर्स–एसटीएफ की एक संयुक्त टीम मौके के लिए रवाना की गई थी। इसी दौरान सुरक्षा बलों की माओवादियों के साथ मुठभेड़ हो गई।

उधर, गरियाबंद जिले में सुरक्षा बलों ने तीन अलग–अलग जगहों से माओवादियों द्वारा डंप किया गया सामान बरामद किया है। इनमें आईईडी, नक्सल साहित्य, पटाखा बम और वर्दी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेजा के अनुसार मैनपुर थाना क्षेत्र के गोबरा पहाड़ी जंगल से इन सामानों को बरामद किया गया है।

इस बीच, प्रदेश में नक्सल ऑपरेशन को लेकर राजधानी रायपुर में आज वरिष्ठ अधिकारियों की एक अहम बैठक हो रही है। इसमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओड़िशा और तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक, केन्द्रीय सुरक्षा बलों के अधिकारी, इंटेलिजेंस एजेंसियों के प्रतिनिधि और नक्सल ऑपरेशन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी शामिल हो रहे हैं।

<u>सीएम–मिशन अंतरिक्ष अभियान</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास परिसर से स्कूली बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जागरूकता के लिए मिशन अंतरिक्ष और प्रोजेक्ट जय विज्ञान अभियान का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम से अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

इस दौरान जिला प्रशासन रायपुर और इग्नाइटिंग ड्रीम्स ऑफ यंग माइंड फाउंडेशन तथा जिला प्रशासन रायपुर और विज्ञान भारती के मध्य दो महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिनसे बच्चों को अंतरिक्ष से जुड़े विषयों की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

## ट्रिपल आईटी–गोंडी भाषा ऐप

'आदि वाणी' परियोजना के अंतर्गत गोंडी भाषा अनुवादक मोबाइल ऐप के विकास से संबंधित परियोजना से जुड़े ट्रिपल आईटी नवा रायपुर के निदेशक प्रोफेसर ओमप्रकाश व्यास ने आज रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। प्रोफेसर व्यास ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस परियोजना में गोंडी भाषा के लिए टेक्स्ट–टू–स्पीच और अनुवाद प्रणाली विकसित की गई है। इसके माध्यम से गोंडी से हिंदी और अंग्रेज़ी अनुवाद संभव होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तकनीक गोंडी बोलने वाले जनजातीय भाई–बहनों को मुख्यधारा से जोड़ने, शिक्षा तथा शासन–प्रशासन में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम बनेगी।

## ईद–मिलाद–उन–नबी

इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगम्बर हजरत मोहम्मद का जन्मदिवस ईद–मिलाद–उन–नबी आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ईद–मिलाद–उन–नबी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर रायपुर सहित प्रदेश के अनेक स्थानों पर मुस्लिम समाज ने जुलूस निकाला।

## बस्तर दशहरा

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के तहत आज जगदलपुर में डेरी गड़ाई की रस्म पारंपरिक विधि–विधान के साथ संपन्न हुई। इस रस्म के बाद बस्तर दशहरा के लिए दो मंजिला विशाल रथ निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस रस्म के अवसर पर महिलाओं ने हल्दी खेलने की परंपरा को निभाया। कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव भी मौजूद थे।

## चक्रधर समारोह

रायगढ़ में आयोजित चालीसवें चक्रधर समारोह का आज समापन हो रहा है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।

समारोह में कल देर रात तक कला, भक्ति और संगीत का अलौकिक संगम देखने का मिला। लोक गायिका कविता वासनिक ने छत्तीसगढ़ी लोक गायन की रंगारंग प्रस्तुति दी। वहीं, मुंबई के जाने–माने बांसुरी वादक मोहित शास्त्री ने अपनी मधुर धुनों से सबका मन जीत लिया। प्रोजेक्ट दिव्य धुन के दिव्यांग बच्चों ने भी श्रोताओं का मन जीत लिया।

## शालेय क्रीडा प्रतियोगिता–समापन

गौरैला पेंड्रा मरवाही जिले के पेण्ड्रा में आयोजित पच्चीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में ओवर ऑल चैंपियनशिप का खिताब बिलासपुर संभाग ने हासिल किया। वहीं, रायपुर दूसरे और दुर्ग संभाग तीसरे स्थान पर रहा। इस चार दिवसीय स्पर्धा में जिम्नास्टिक, ताईक्वाडो और क्रिकेट के मुकाबले हुए।

समापन समारोह में विधायक धर्मजीत सिंह और प्रणव कुमार मरपची ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

## संक्षिप्त समाचार

## और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायगढ़ जिले के खरसिया में आयोजित कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना के तहत उन्नीसवीं किश्त की राशि आज करीब उनहत्तर लाख महिलाओं के खाते में अंतरित की।

– कोरबा जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण मिनी माता बांगो बांध का जलस्तर बढ़ गया है और बांध के आठ गेट खोल दिए गए हैं। ऐहतियात के तौर पर बांध के आसपास के करीब बत्तीस गांवों में प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है।

– तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा केन्द्रीय गृहमंत्री के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध और श्रीमती मोइत्रा की गिरफ्तारी को लेकर छत्तीसगढ़ सर्व बंग समाज ने आंदोलन छेड़ने की घोषणा की है।

– बस्तर जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में कलेक्टर ने दस ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है।

– दुर्ग संभाग के आयुक्त ने खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले की तत्कालीन नायब तहसीलदार को गंभीर अनियमितताओं के आरोप में निलंबित कर दिया है।

– कोरिया जिला पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी करने के आरोप में कलेक्टर ने बुढार ग्राम पंचायत के ऑपरेटर की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। वहीं, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर और ग्राम पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>